प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट परिशिष्ट-'अ'

परिशिष्ट 'आठ' प्र.क्र. 2628 [6/3/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 2628]

मध्य प्रदेश शासन
राजस्व विभाग
मंत्रालय

क्रमांक आर598/692/2016/सात/शा-5 भोपाल,दिनांक 20/10/2016

प्रति,

कलेक्टर
राजगढ (मध्यप्रदेश)

विषयः-विधानसभा याचिका क्रमांक – 3444 की जानकारी ।

सन्दर्भः-कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री,लो.नि.वि (पी.आई.यू.) जिला राजगढ़ का आपको संबोधित पत्र क्रमांक 1406/पी.आई.यू./16-17 दिनांक 28/09/2016

---

विषयांतर्गत राजगढ़ जिले के सुठालिया में टप्पा कार्यालय हेतु नवीन भवन के निर्माण के लिये संभागीय परियोजना यंत्री, लो.नि.वि.(पी.आई.यू.) जिला राजगढ़ द्वारा उनके संदर्भित पत्र द्वारा जो भवन का प्राक्कलन आपको उपलब्ध कराया गया हैं, उक्त प्राक्कलन में एस.डी.ओ. कोर्ट रूम हेतु भी प्रावधान रखा गया है । इस स्थिति में कृपया यह स्पष्ट करने का कष्ट करे कि,सुठालिया वर्तमान में क्या अधिसूचित अनुविभाग भी है अथवा नहीं ? यदि सुठालिया अधिसूचित अनुविभाग नहीं है, तब केवल तहसील के अनुमोदित मानचित्र अनुसार प्राक्कलन इस विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

20/10/16
(मंदा राठौर)
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन,राजस्व विभाग

एफ पृष्ठांकन599/692/2016/सात(शा-5) भोपाल, दिनांक 20/10/2016

प्रतिलिपिः-

अवर सचिव,मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग (शाखा-6) की ओर अग्रेषित कर अनुरोध है कि राजगढ़ जिले के सुठालिया के संदर्भ में कृपया यह अवगत कराने का कष्ट करें कि वर्तमान में सुठालिया मात्र क्या टप्पा कार्यालय स्वीकृत है अथवा उसे पूर्ण तहसील का दर्जा प्राप्त है तथा क्या सुठालिया अधिसूचित अनुविभाग भी है ।

20/10/16
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन,राजस्व विभाग